# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (20.05.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 20.05.2025, PAGE-09**

## 27 से होगी पार्ट टू की विशेष परीक्षा

मुजफ्फरपुर । बीआरएबीयू में स्नातक पार्ट टू की विशेष परीक्षा 27 मई से होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने सोमवार को परीक्षा का शेड्यूल जारी किया। पार्ट टू की विशेष परीक्षा पहले 16 मई से होनी थी। बाद में इसे स्थगित कर दिया गया था। पार्ट टू की विशेष परीक्षा के लिए विषयों को चार समूहों में बांटा गया है। परीक्षा में 115 कॉलेज के 21 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## एलएलएम प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में एलएलएम प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट तय तारीख से एक दिन पहले सोमवार को जारी कर दिया गया। इसकी जानकारी परीक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. टीके डे ने दी। परीक्षा में 35 विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट जारी की गई। एलएलएम में 40 सीटों पर दाखिला लिया जाना है। पांच सीटों में तीन प्रबंधन कोटा और वीसी कोटा के लिए छोड़ी गई है।

## अगले हफ्ते से खुलेगा पैट का पोर्टल

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए पोर्टल अगले हफ्ते से खुलेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। बीआरएबीयू में पैट 2023-24 का पोर्टल एक साथ खोला जायेगा। पैट 2023 में पहले से भी कई छात्रों ने आवेदन दिया है। पैट 2023 में जिन छात्रों ने आवेदन दिया है और उन्होंने नेट की परीक्षा पास की है उनके लिए एडिट का विकल्प भी दिया जायेगा। जल्द ही प्रवेश परीक्षा की भी घोषणा की जायेगी।

## विवि में वोकेशनल कोर्स के लिए आवेदन शुरू

मुजफ्फरपुर । बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए सोमवार से आवेदन शुरू हो गया। इससे पहले कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने आवेदन की लिंक का उद्घाटन किया। इस मौके पर सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह, रंजन कुमार, अक्षय कुमार, पंकज कुमार और सरोज कुमार भी मौजूद रहे। सीसीडीसी ने बताया कि 30 मई तक आवेदन लिये जायेंगे, पांच जून को प्रवेश परीक्षा होगी। छात्रों की सहूलियत के लिए पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया हिन्दी में बताई गई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 20.05.2025, PAGE-09

# पीजीआरसी में 221 शोध प्रस्तावों को मंजूरी

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में सोमवार को पोस्ट ग्रेज्युएट रिसर्च काउंसिल (पीजीआरसी) की दूसरी बैठक हुई। इस बैठक में मानवीकी, कॉमर्स और प्रबंधन के शोध प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बैठक में 221 रिसर्च प्रस्तावों को पास किया गया। प्रबंधन के विभागाध्यक्ष प्रो. रवि श्रीवास्तव ने बताया कि एक छात्र के प्रस्ताव में कुछ दस्तावेज नहीं थे, इस कारण उसके प्रस्ताव को रोका गया है। बैठक में मानवीकी के डीन प्रो. सतीश कुमार राय, प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय, सोशल साइंस की डीन प्रो. संगीता रानी और कॉमर्स के डीन प्रो. आले मुजतबा समेत सभी संबंधित विभागों के अध्यक्ष व प्रोफेसर मौजूद थे।

**Ref:.....................** **Date:...........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 20.05.2025, PAGE-06

# पैट के लिए 24 तक रिक्ति देंगे सभी पीजी विभाग

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में दो सत्रों के लिए संयुक्त रूप से होने वाले पैट से पहले अब विषयवार रिक्ति जारी की जाएगी। इसको लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय ने सभी पीजी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजा है। सभी पीजी विभागाध्यक्षों को 24 मई तक विषवार रिक्ति का प्रतिवेदन विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी है। दूसरी ओर बुधवार से गर्मी छुट्टी की शुरुआत हो रही है।

**विश्वविद्यालय ने सभी पीजी विभागाध्यक्षों को भेजा है पत्र, 26 मई से पैट के लिए फिर से आवेदन को खुल सकता है पोर्टल**

बताया जा रहा है कि 26 मई से पैट के लिए फिर से आवेदन पोर्टल खुल सकता है। दूसरी ओर गर्मी की छुट्टियों के कारण पैट 2022 के शोधार्थियों के लिए चल रहे कोर्स वर्क की समयसीमा में बढ़ेगी। इसका निर्देश विश्वविद्यालय की ओर से जारी होगा।

**रिजल्ट नहीं सुधरने से डिप्रेशन में जाने की शिकायत** : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सोमवार को छात्र संवाद का आयोजन किया गया। इसमें करीब आधा दर्जन से अधिक मामले आए। अधिकांश मामले रिजल्ट और अंकपत्र की गड़बड़ी से संबंधित थे। एमजेके कालेज में नामांकित छात्रा अंशु कुमारी के भाई ने आवेदन देकर शिकायत की है कि संगीत विषय में उसकी बहन का रिजल्ट पेंडिंग हो गया है। आवेदन देने के बाद भी सुधार नहीं हुआ है। छात्रा के भाई ने बताया कि उसके साथ पढ़ने वाली छात्राएं आगे बढ़ गई इस कारण वह डिप्रेशन में चली गई है। बैठक में कई छात्रों ने कापी गायब होने की शिकायत की है। अब उसे औसत अंक दिए जाने की बात अधिकारियों ने की है।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:20.05.2025, PAGE-06

# सिंधु जल समझौते के अपने निर्णय पर अडिग रहे भारत

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अमर बहादुर शुक्ला ने कहा कि पाकिस्तान सीमा पार से भारत में लगातार आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सबसे पहले सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया। अब जरूरत है कि इस समझौते को लेकर लिए गए अपने निर्णय पर भारत अडिग रहे। इस मामले में किसी देश या अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के दबाव में नहीं आए। पाकिस्तान अब जिस भाषा को समझता है, उसे उसी में मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के समझौते, व्यापार व संबंध दीर्घकालीन अवधि के लिए रोका जाए। इस मामले में भारतीय नेतृत्व को उदार होने की जरूरत नहीं है। वे सोमवार को दैनिक जागरण कार्यालय में विमर्श में बोल रहे थे। विषय था-आतंकवाद पर पाक को बेनकाब करने की भारत की डिप्लोमेसी का असर व लाभ।

**जागरण विमर्श**

**जागरण विमर्श में बोले विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अमर बहादुर शुक्ला**



डा. अमर बहादुर शुक्ला • जागरण

**प्रथम परमाणु वार नहीं की नीति बदलने की जरूरत**

पाक के व्यवहार को देखकर भारत को अपनी विदेश नीति में बदलाव करने की जरूरत है। कहा जाता है कि यह हमारी विदेश नीति का सिद्धांत है कि भारत पहले परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं करेगा। अब इसे बदलने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि बंटवारे के साथ ही पाकिस्तान में भारत के प्रति द्वेष की भावना उत्पन्न हुई और तब से शुरू सीमा पार गतिविधियां लगातार जारी हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत व इसके नेतृत्व ने वैश्विक पटल पर अपनी अलग पहचान कायम की है। आर्थिक क्षेत्र प्रगति की है। मेक इन इंडिया जैसा प्रोग्राम चल रहा। यह अमेरिका समेत कुछ देशों को पच नहीं रहा। अमेरिका, भारत व पाकिस्तान को एक ही नजर से देखता है। ऐसा उसे नहीं करना चाहिए। भारत को इसका विरोध अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जताना चाहिए जो अब तक नहीं हुआ है। भारत को डिप्लोमेसी में बदलाव की जरूरत है। उसे स्पष्ट रूप से अमेरिका जैसा दोहरा रवैया अपनाने वाले देशों को संदेश देना चाहिए कि वे इसे नहीं सहन करेगा। भारत तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। ऐसे में अब उसे किसी देश का पिछलग्गू बनने की जरूरत नहीं है। यह भी सच है कि आइएमएफ ने जिन शर्तों पर पाकिस्तान को पैकेज दिया है, वह उसका हमेशा से उल्लंघन करता है। इसके बाद भी लगातार पाकिस्तान को फंड मिलते हैं। अमेरिका खुद व आइएमएफ जैसी संस्थाओं के जरिए उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के लिए पाकिस्तान को आर्थिक मदद करता है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:20.05.2025, PAGE-06**

# डिजिलाकर पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय लाइव

## छह महीने से अधिक समय से आ रही थी समस्या, डाटा अपलोड कर हुई टेस्टिंग, ट्रायल रहा सफल

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय अब डिजिलाकर पर लाइव हो गया है। करीब छह महीने से अधिक समय से आ रही समस्या का निदान विश्वविद्यालय व निदेशालय के स्तर से खोज लिया गया है। पहले डिजिलाकर पर भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय टाइप करने पर कुछ भी प्रदर्शित नहीं होता था। अब सर्च करते ही विश्वविद्यालय का नाम आ रहा है। अगले 10 दिनों के अंदर चार वर्षीय स्नातक कोर्स में नामांकित सत्र 2023-27 के तहत प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के अंकपत्र डिजिलाकर पर प्रदर्शित होंगे। फिलहाल इसकी टेस्टिंग की गई है जो सफल रही। इसमें करीब 100 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों का डाटा अपलोड किया गया है। शुरुआत में इसमें परेशानी आ रही थी। जैसे किसी छात्र ने एमजेसी के रूप में हिंदी की पढ़ाई की है। वहीं एईसी के रूप में भी उसने हिंदी पढ़ी है। इस कारण शुरुआत में डाटा अपलोड करने में परेशानी हो रही थी। बार-बार डुप्लीकेट डाटा प्रदर्शित हो रहा था। इसके बाद विश्वविद्यालय स्तर से इसमें विषय के डिटेल में थोड़ा बदलाव किया गया।

वन व टू के कोड में इसे फीड कर अपलोड करने पर ट्रायल सफल हो गया। जिन छात्रों का रिकार्ड ट्रायल के तौर पर अपलोड किया गया है उन्होंने डिजिलाकर पर अपना अंकपत्र देखा है। अब अगले 10 दिनों में बाकी विद्यार्थी भी देख पाएंगे। स्नातक के सत्र 2023-27 के प्रथम सेमेस्टर में नामांकित 97,500 स्टूडेंट का डाटा अपलोड होने के लिए तैयार है। इसके बाद अगले सेमेस्टर और बाद में जारी होने वाले रिजल्ट से संबंधित डाटा भी अपडेट होना है। डिप्टी कंट्रोलर डा.आनंद प्रकाश दुबे ने बताया डिजिलाकर पर विश्वविद्यालय का रिकार्ड लाइव हो गया है। टेस्टिंग सफल रही है। 10 दिनों में स्नातक का डाटा प्रदर्शित होने की उम्मीद है।

**10** दिनों में 2023-27 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के अंकपत्र होंगे डिजिलाकर पर



### विद्यार्थियों ने परीक्षा फार्म में नहीं दी सही जानकारी

दूसरी ओर पिछले दिनों परीक्षा फार्म भरने के क्रम में छात्र-छात्राओं से उनके एबीसी आइडी की जानकारी मांगी गई थी। कई कालेजों के विद्यार्थियों ने इसकी जानकारी नहीं दी। इससे उनका डाटा अपलोड करने में परेशानी हो रही है। ऐसे में अब परीक्षा विभाग की ओर से ऐसे छात्र-छात्राओं का डाटा मांगा जा रहा है। अब उसमें सुधार होगा। कई विद्यार्थियों ने गलत अपार आइडी की जानकारी दी है। जिन छात्रों ने एबीसी आइडी की सही जानकारी नहीं दी है वे भविष्य में डिजिलाकर पर अपना रिकार्ड नहीं देख पाएंगे। दूसरी ओर अब तक विश्वविद्यालय में करीब दो लाख चार हजार छात्र-छात्राओं की एबीसी आइडी निर्मित हो गई है।

# 10 विषयों में 224 शोध प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- सीनेट हाल में पीजीआरसी की बैठक की कुलपति ने की अध्यक्षता
- आधा दर्जन शोध प्रस्तावों के शीर्षक में संशोधन के साथ मिली मंजूरी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 10 विषयों के 224 शोध प्रस्तावों को पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च काउंसिल (पीजीआरसी) की बैठक से मंजूरी मिल गई है। वहीं करीब आधा दर्जन शोध प्रस्तावों के शीर्षक में संशोधन के साथ मंजूरी दी गई है। इसमें मानविकी, कामर्स, मैनेजमेंट व एजुकेशन संकाय के शोध प्रस्ताव शामिल हैं। सोमवार को सीनेट हाल में कुलपति प्रो.डीसी राय की अध्यक्षता में पीजीआरसी की दूसरी बैठक हुई।

कुलपति ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध हो इसके लिए विश्वविद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है। शोध मानकों को पूरा करने वाले प्रस्ताव को ही मंजूरी दी जाए। उन्होंने कहा कि पैट 2022 में उत्तीर्ण शोधार्थियों के शोध प्रस्ताव पर पीजीआरसी की मुहर लगी है। दूसरी ओर बैठक में कई विषयों में शोधार्थियों की संख्या को लेकर उझलन की स्थिति बनी रही। शुक्रवार को पीजीआरसी की पहली बैठक हुई थी। इसमें साइंस व सोशल साइंस संकाय के तहत आने वाले विषयों के तहत करीब 500 शोध प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई थी।



सीनेट हाल में पीजीआरसी की बैठक में मौजूद लोग • जागरण

**विषयवार आए शोध प्रस्ताव**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | • मैथिली | 04 | • पर्शियन | 02 |
| | | • उर्दू | 05 | • कामर्स | 45 |
| • हिंदी | 55 | • दर्शनशास्त्र | 06 | • मैनेजमेंट | 29 |
| • अंग्रेजी | 22 | • संगीत | 05 | • एजुकेशन - 51 | |